
समाचार

# सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करते मवेशियों को पहुंचाया गया गोठान

## (यातायात विभाग एवं निगम द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया अभियान)



कोरबा 31 अगस्त 2019–आयुक्त श्री राहुल देव के निर्देश पर सड़कों पर स्वच्छंद विचरण कर आवागमन को बाधित करने वाले मवेशियों को सड़कों से उठाकर गोठान पहुंचाया जा रहा है, नगर पालिक निगम कोरबा एवं यातायात विभाग के द्वारा यह अभियान चलाया गया तथा 18 मवेशियों को सड़कों से उठाकर पशुवाहन के माध्यम से गोठान पहुंचाया गया।

निगम के सम्पत्तिकर अधिकारी श्रीधर बनाफर ने बताया कि आयुक्त श्री राहुल देव के निर्देश पर नगर पालिक निगम कोरबा एवं यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को सड़कों से उठाने का कार्य किया गया है। उन्होने बताया कि बुधवारी बाजार, घंटाघर, निहारिका होते हुए कोसाबाड़ी चौक तक यह अभियान चलाया गया तथा इस दौरान सड़कों पर विचरण करते 18 मवेशियों को वाहन के माध्यम से गोठान तक पहुंचाया गया। उन्होने बताया कि निर्देशानुसार यह अभियान निरंतर चलाया जाएगा। अभियान दल में यातायात प्रभारी श्री तिवारी, सम्पत्तिकर अधिकारी श्रीधर बनाफर, राजस्व निरीक्षक शशांक दुबे, सुमित गुप्ता, परमानंद राठौर सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे।

**मवेशियों को सड़कों पर न छोड़े–** आयुक्त श्री राहुल देव ने नगर के मवेशी पालकों, दूध डेयरी व्यवसायियों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने मवेशियों को सड़कों पर खुला न छोड़े। उन्होने कहा कि सड़कों पर मवेशियों के स्वच्छंद रूप से विचरण करने से आमनागरिकों, वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है, आवागमन व्यवस्था बाधित होती है तथा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, अतः मवेशियों को घर पर ही सुरक्षित रूप से रखें।